जीवन की किताब के पहले अध्याय का जन्म

'जीवन कोश' यानी *एन्सायक्लोपीडिया ऑफ लाइफ* (ईओएल) का पहला वेब पृष्ठ प्रकाशित हो गया है। महत्वाकांक्षी ईओएल योजना यह है कि एक वेब साइट तैयार की जाए जहां दुनिया की जैव विविधता की पूरी जानकारी मिल सके अर्थात धरती की हर प्रजाति को एक-एक पन्ना मिल सके। इस वेब साइट की संकल्पना 2003 में जीव वैज्ञानिक एडवर्ड विल्सन द्वारा लिखे गए एक आलेख में प्रस्तुत हुई थी और तब से कुछ लोग इसे साकार करने में लगे हुए हैं। वेबसाइट http://eol.org में अंततः कुल 18 लाख प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी होगी और सबसे बड़ी बात यह है कि वेबसाइट सार्वजनिक होगी।

इस वेबसाइट को बनाने में दुनिया भर की कई प्राकृतिक इतिहास संस्थाएं भाग ले रही हैं। अब तक कुल 30,000 पन्ने तैयार हुए हैं, जिन पर प्रत्येक प्रजाति के लिए अन्य वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी की कड़ियां दी गई हैं। इसके अलावा कुछ पन्ने उदाहरण स्वरूप पूरे तैयार किए गए हैं जिन्हें देखकर अंदाज़ लगाया जा सकता है कि पूरा होने पर यह जीवन कोश कैसा दिखेगा।

इस तरह की परियोजना के सामने सबसे बड़ी समस्या तो धन की है। फिलहाल यह अल्फ्रेड पी. स्लोअन फाउण्डेशन और मैकआर्थर फाउण्डेशन के अनुदान से चल रही है। मगर इसके आयोजकों को ज़्यादा चिंता इस बात की है कि इस पूरे प्रयास को लंबे समय तक कैसे चलाया जाएगा। आलोचकों का विचार है कि इस तरह की परियोजना में सबसे बड़ी दिक्कत यही होती है कि कुछ समय बाद वित्त दाताओं की रुचि खत्म हो जाती है, शुरुआती रोमांच समाप्त हो जाता है और फिर इसे चलाए रखना असंभव हो जाता है। आयोजकों की दूसरी चिंता यह है कि वैज्ञानिक समुदाय को इसमें भागीदारी के लिए कैसे प्रेरित किया जाए। परियोजना के कार्यकारी निदेशक जेम्स एडवर्ड इसे सबसे बड़ी चुनौती मानते हैं।

आयोजकों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जो वैज्ञानिक इसे बनाने में सहभागी होते हैं उन्हें अपने योगदान का उचित श्रेय मिले।

बहरहाल, आगे जो भी हो, इस वेब साइट के प्रथम पृष्ठों का लोकार्पण कैलिफोर्निया में टेक्नॉलॉजी, मनोरंजन व डिज़ाइन सम्मेलन में फरवरी में कर दिया गया है। जैव विविधता संरक्षण की दिशा में यह एक मील का पत्थर साबित होगी। ***(स्रोत विशेष फीचर्स)***